# || एक दिन वो भोले भंडारी बनकर ||
# ||Ek Din Wo Bhole Bhandari PDF ||

## || एक दिन वो भोले भंडारी बनकर ||

एक दिन वो भोले भंडारी,
बन कर ब्रज की नारी,
गोकुल में आ गए...
पार्वती जी मना के हारी,
ना माने त्रिपुरारी,
गोकुल में आ गए...

पार्वती से बोले स्वामी,
मैं भी चलूँगा तेरे साथ में,
राधा संग श्याम नाचे,
मैं भी नाचूँगा तेरे साथ में,
रास रचेगा ब्रज मैं भारी,
हमे दिखाओ प्यारी, गोकुल में आ गए,
एक दिन वो भोले भंडारी....

ओ मेरे भोले स्वामी,
कैसे ले जाऊं अपने साथ में,
मोहन के सिवा वहां,
दूजा ना कोई इस रास में,
हंसी करेगी ब्रज की नारी,
मानो बात हमारी, गोकुल में आ गए,
एक दिन वो भोले भंडारी....

ऐसा बना दो मुझको,
कोई ना जाने इस राज को,
मैं हूँ सहेली तेरी,
ऐसा बताना ब्रज राज को,
बना के जुड़ा पहन के साड़ी,
चाल चले मतवाली, गोकुल में आ गए,
एक दिन वो भोले भंडारी....

हस के सती ने कहा,
बलिहारी जाऊं इस रूप पे,
इक दिन तुम्हारे लिए,
आए मुरारी इस रूप मैं,
मोहिनी रूप बनाया मुरारी,
अब है तुम्हारी बारी, गोकुल में आ गए,
एक दिन वो भोले भंडारी....

देखा मोहन ने जब,
समझ गए वो सारी बात रे,
ऐसी बजाई बंसी,
सुध बुध भूले भोलेनाथ रे,
सिरक गयी जब सर से चुनरी,
मुस्काए गिरधारी, गोकुल में आ गए,
एक दिन वो भोले भंडारी....

दीनदयालु तेरा तब से,
गोपेश्वर हुआ नाम रे,
ओ भोले बाबा तेरा,

वृन्दावन में बना धाम रे,
ताराचंद कहे त्रिपुरारी,
रखियो लाज हमारी, गोकुल में आ गए,
एक दिन वो भोले भंडारी....

## || Ek Din Wo Bhole Bhandari Lyrics PDF ||

Ek Din Vo Bhole Bhandari,
Ban Karke Braj Ki Naari,
Braj/Vrindavan* Mein Aa Gae ।
Parvati Bhi Mana Ke Haari,
Na Mane Tripurari,
Braj Mein Aa Gae ।

Parvati Se Bole,
Main Bhi Chalunga Tere Sang Mein
Radha Sang Shyam Nache,
Main Bhi Nachunga Tere Sang Mein
Raas Rachega Braj Main Bhari,
Hume Dikhado Pyari, Braj Mein Aa Gae ।
॥ Ek Din Vo Bhole Bhandari… ॥

O Mere Bhole Swami,
Kaise Le Jaun Apne Sang Mein
Shyam Ke Siva Vahaan,
Purush Na Jae Us Raas Mein
Hansi Karegi Braj Ki Naari,
Maano Baat Hamari, Braj Mein Aa Gae ।
॥ Ek Din Vo Bhole Bhandari… ॥

Aisa Bana Do Mohe,
Koi Na Jane Es Raj Ko
Main Hun Saheli Teri,
Aisa Batana Braj Raaj Ko
Bana Ke Juda Pahan Ke Sari,
Chaal Chale Matvali, Braj Mein Aa Gae ।
॥ Ek Din Vo Bhole Bhandari… ॥

Hans Ke Sati Ne Kaha,
Balihari Jaun Is Roop Mein
Ek Din Tumhare Lie,
Aaye Murari Is Roop Main
Mohini Roop Banaya Murari,
Ab Hai Tumhari Bari, Braj Mein Aa Gae ।
‖ Ek Din Vo Bhole Bhandari… ‖

Dekha Mohan Ne,
Samajh Gaye Vo Sari Baat Re
Aisi Bajai Bansi,
Sudh Budh Bhule Bholenath Re
Sir Se Khisak Gayi Jab Sari,
Muskaye Girdhari, Braj Mein Aa Gae ।
‖ Ek Din Vo Bhole Bhandari… ‖

Dindayal Tera Tab Se,
Gopeshwar Hua Naam Re
O Bhole Baba Tera,
Vrindavan Bana Dham Re
Bhakt Kahe O Tripurari,
Rakho Laaj Hamari, Braj Mein Aa Gae ।

Ek Din Vo Bhole Bhandari,
Ban Karake Braj Ki Naari,
Braj Mein Aa Gae ।
Parvati Bhi Mana Ke Hari,
Na Mane Tripurari,
Braj Mein Aa Gae ।